NEWS CLIPPING: 23.02.2018

DAINIK JAGRAN

डिजिटल सुरक्षा उपायों से अवगत कराया

मुख्य वक्ता राजेश कुमार को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए प्रो .संदीप ग्रोवर • जागरण

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ और इंडस्ट्री रिलेशन प्रकोष्ठ की ओर से डिजिटल सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएसडीएन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेट ने सहयोग किया। इसमें छात्रों ने डिजिटल सुरक्षा के उपायों व तकनीकों जैसे साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड सिक्योरिटी और डाटा प्रोटेक्शन के बारे में जानकारी दी गई।

एसएसडीएन टेक्नोलॉजी के सीनियर कारपोरेट ट्रेनर राजेश कुमार, प्रबंधक प्रबोध कुमार विशेषज्ञ वक्ता के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन (संस्थान) प्रो.संदीप ग्रोवर ने की। उन्होंने कहा कि आइटी उपकरणों के बढ़ते उपयोग तथा निर्भरता के कारण यह जरूरी हो गया है कि इन उपकरणों को सही जानकारी तथा तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सुरक्षित बनाया जाए। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी प्रो. नरेश चौहान के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ द्वारा किये जा रहे कार्यों तथा डिजिटल सुरक्षा उपायों की उपयोगिता के महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन इंडस्ट्री रिलेशन्स प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ.रश्मि पोपली तथा डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ.नीलम दूहन ने किया।

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 23.02.2018

PUNJAB KESARI

विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा उपायों तथा तकनीक की दी जानकारी

फरीदाबाद, 22 फरवरी (ब्यूरो): साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड सिक्योरिटी और डाटा प्रोटेक्शन के लिए उपयोग होने वाली नवीनतम तकनीकों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक बनाने को लेकर वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में आज डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ तथा इंडस्ट्री रिलेशन प्रकोष्ठ द्वारा एसएसडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा उपायों तथा तकनीक के बारे में बताया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि।

कार्यक्रम में एसएसडीएन टेक्नोलॉजीज के सीनियर कारपोरेट ट्रेनर राजेश कुमार तथा प्रबंधक प्रबोध कुमार विशेषज्ञ वक्ता रहे तथा विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार साइबर सिक्योरिटी में प्रमाणित प्रशिक्षक बना जा सकता है और इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर ने की। इससे पहले, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. ग्रोवर ने कहा कि आईटी उपकरणों के बढ़ते उपयोग तथा निर्भरता के कारण यह जरूरी हो गया है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 23 February 2018
epaper.punjabkesari.in//c/26502601

NEWS CLIPPING: 23.02.2018

NAVBHARAT TIMES

छात्रों को दी साइबर सिक्यॉरिटी की जानकारी

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** साइबर सिक्यॉरिटी क्लाउड सिक्यॉरिटी और डेटा प्रोटेक्शन के लिए उपयोग में होने वाली नवीनतम तकनीकों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ तथा इंडस्ट्री रिलेशन प्रकोष्ठ द्वारा एसएसडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में एसएसडीएन टेक्नोलॉजीज के सीनियर कारपोरेट ट्रेनर राजेश कुमार तथा प्रबंधक प्रबोध कुमार आदि मौजूद रहे।

DAINIK TRIBUNE

डिजिटल सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

फरीदाबाद (हप्र) : साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड सिक्योरिटी और डाटा प्रोटेक्शन के लिए उपयोग होने वाली नवीनतम तकनीकों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक बनाने को लेकर वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में आज डिजिटल इंडिया प्रकोष्ठ तथा इंडस्ट्री रिलेशन प्रकोष्ठ द्वारा एसएसडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएसडीएन टेक्नोलॉजीज के सीनियर कारपोरेट ट्रेनर राजेश कुमार तथा प्रबंधक प्रबोध कुमार विशेषज्ञ वक्ता रहे तथा विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार साइबर सिक्योरिटी में प्रमाणित प्रशिक्षक बना जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर ने की व वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।